Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to appoint specialist doctors against vacant posts in various departments in BMHRC, Bhopal, Madhya Pradesh -laid.

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल) : भोपाल दिसंबर 1984 में यूनियन कार्बाइड गैस कांड हुआ, जिसमें हजारों लोग मृत हुए और लाखों प्रभावित हुए, जो पीढ़ी दर पीढ़ी प्रभावित हो रहे हैं । इनके उपचार हेतु केन्द्र द्वारा संचालित बीएमएचआरसी सुपर स्पेशियलिटी वाला 350 बिस्तरों का अस्पताल खोला गया है । प्रारंभ में काफी कुछ ठीक रहा, परंतु कई वर्षों से आज तक विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की अत्यधिक कमी के कारण कई विभाग बंद पड़े हैं । जैसे गैस्ट्रोमेडिसिन, गुर्दा रोग विभाग, न्यूरोलॉजी व मनोचिकित्सा विभाग आदि । मरीजों के साथ खिलवाड़ हो रहा है । मेरा माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह है कि बीएमएचआरसी के खाली पड़े विभागों में विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाए, जिससे गैस पीड़ितों को उचित उपचार मिल सके ।